कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय,कोटा (राज.)

(NAAC द्वारा "A" ग्रेड़ प्राप्त संस्थान)

Email address principalgckota@gmail.com

क्रमांकः– 2130 दिनांक :– 11/1/2024

कार्यक्रम रिपोर्ट

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के आदेशानुसार राजकीय महाविद्यालय, कोटा मे आयोजित किये जा रहे खेल सप्ताह के अन्तर्गत चतुर्थ दिवस को बॉस्केट बॉल, दौड़ एवं रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन उम्मेद सिंह स्टेडियम जे.डी.बी. कन्या महाविद्यालय के सामने नयापुरा कोटा में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. प्रतिमा श्रीवास्तव ने किया। इसके पश्चात् उन्होने विद्यार्थियों को खेलों की महत्व के बारें में समझायां एवं सर्वांगीण विकास हेतु खेलो के मह्त्व को बताया।

बॉस्केट बॉल प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में आंनद मालव एवं टीम विजेता व उज्जवल हाड़ा एवं टीम उपविजेता रही ।

दौड़ प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में 100 मीटर दौड़ में शिवराज गुर्जर एम.एससी. तृतीय सेमेस्टर प्रथम स्थान एवं लखन मेरोठा एम.एससी. तृतीय सेमेस्टर द्वितीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में शिवराज गुर्जर एम.एससी. तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम स्थान एवं चन्द्रप्रकाश बी.एससी. पार्ट प्रथम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर गिरजा हाड़ा एवं द्वितीय स्थान पर हिमांशी सुमन रही दोनो बी.एससी. प्रथम वर्ष की छात्रा है।

रस्साकशी प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में उमेश गुजराती एवं टीम विजेता व यश एवं टीम उपविजेता रही। छात्रा वर्ग में कृतिका माथुर एवं टीम विजेता व कृष्णा नागर एवं टीम उपविजेता रही।

आज की प्रतियोगिता का संचालन डॉ. गजानन चर्पे, डॉ. आर.एस. मेघवाल, डॉ. रामबिलास मीणा, डॉ. सुनीता भार्गव, डॉ. रामलक्ष्मण सैनी एवं डॉ. योगेश टेलर ने किया। खेल प्रेरक एवं प्रशिक्षक के रूप में श्री विनय राज सिंह हाडा, श्री विशाल शर्मा एवं शिवराज गुर्जर रहे। समिति के सदस्य डॉ. सचिन डोई ने आज के खेलो के एवं टीमों के विषय में जानकारी दी। संयोजक डॉ. एस.एम. नफीस ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु धन्यवाद प्रेषित किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अंजु कपूर एवं समस्त संकाय सदस्य इस अवसर पर विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित रहे।

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय,कोटा